हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 30 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

4 धार्मिक माहौल में मनाया गया गुरु पूर्णिमा





## खबर संक्षेप

### भूतपूर्व सैनिकों लिए 31 को बैठक

**रायगढ़।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय रायगढ़ में 31 जुलाई को सुबह 10 बजे रायगढ़ एवं सारंगढ़.बिलाईगढ़ जिले के भूतपूर्व सैनिकोंए सैनिक विधवाओं एवं उनके आश्रितों के कल्याणार्थ हेतु बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में मेंकेनाइज्ड इंफेन्ट्री रिकार्ड के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान भूतपूर्व सैनिकों, सैनिक विधवाओं एवं उनके आश्रितों से संबंधित कल्याणकारी विषयों पर चर्चा की जाएगी तथा उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली जाएगी।

### जिले में 517.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में 29 जुलाई तक 517.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 19.4 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू.अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून 2026 से अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 716.3 मिली मीटर, पुसौर में 585.7, खरसिया में 474.3, घरघोड़ा में 357.9, तमनार में 699.4, लैलूंगा में 441.6, मुकडेगा में 388.5, धरमजयगढ़ में 335.8, छाल में 545.9 एवं कापू में 633 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रायगढ़।** लैलूंगा पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में आरोपी सूरज विश्वकर्मा 25 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। जानकारी के अनुसार 28 जुलाई को एक महिला ने लैलूंगा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया कि 27 जुलाई की शाम वह अपनी



नातिन को घर पर छोड़कर खेत में रोपाई करने गई थी। लौटने पर बच्ची रो रही थी। बच्ची ने बताया कि पडोस में रहने वाला सूरज विश्वकर्मा उसके साथ कमरे में दुष्कर्म किया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी ने आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस ने उसके पडोस गांव ग्राम लिबरा के पास घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपराध स्वीकार किया, जिसके बाद उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

### फरार गांजा तस्कर चन्द्रमणी पकड़ा गया



**रायगढ़।** पूंजीपथरा पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के मामले में महीनों से फरार आरोपी चन्द्रमणी उर्फ चिंतामणी यादव 35 निवासी सोनपुर थाना लैलूंगा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। साथ ही गांजा तस्करी में प्रयुक्त कार क्रमांक सीजी 13 बीएच 5917 भी पुलिस ने जब्त कर ली है। आरोपी के दो साथियों को पूंजीपथरा पुलिस ने 23 अप्रैल को गांजा तस्करी करते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था, जबकि चन्द्रमणी पुलिस घेराबंदी का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया था। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 2.728 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया जिसकी कीमत 24,500 तथा बिक्री की 5,000 नकद राशि जब्त की गई थी। कुल 29.500 की जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध धारा 20,बी एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था।

## बाबा प्रियदर्शी राम से लिया आशीर्वाद और मार्गदर्शन, प्रदेश की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना

# गुरु पूर्णिमा पर अघोर गुरु पीठ बनोरा पहुंचे सीएम विष्णु देव साय, अघोरेश्वर भगवान राम के किए दर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज रायगढ़ प्रवास के दौरान ग्राम बनोरा स्थित अघोर गुरु पीठ पहुंचे। मुख्यमंत्री ने यहां श्रद्धा और आस्था के साथ अघोरेश्वर अवधूत भगवान राम जी के दर्शन किए और प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की।

उन्होंने आश्रम के उपासना स्थल पर अघोरेश्वर अवधूत भगवान राम जी की प्रतिमा के दर्शन कर पूजा.अर्चना की। इसके पश्चात उन्होंने अघोरेश्वर अवधूत भगवान राम जी के प्रिय शिष्य पूज्य बाबा प्रियदर्शी राम जी के भी दर्शन किए और उनका आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया। अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट बनोरा और इससे जुड़ी शाखाएं आध्यात्मिक गतिविधियों तक सीमित न रहकर मानव सेवा को अपनी कार्यप्रणाली का प्रमुख आधार बनाए हुए हैं। आसपास के क्षेत्रों में जरूरतमंद, बेसहारा और वंचित लोगों की सहायता के लिए विभिन्न सेवा गतिविधियां संचालित की जाती हैं। शिक्षाए चिकित्सा और आध्यात्मिक संस्कारों के माध्यम से समाज के कमजोर वर्गों को सहयोग देने का कार्य लगातार किया जा रहा है। ट्रस्ट से जुड़ी संस्थाएं लोगों को जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं से जोड़ने के साथ ही मानवीय मूल्यों, सेवा भावना और संस्कारों के विकास में भी योगदान दे रही हैं। जरूरतमंदों को शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उपलब्ध कराने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है।

### सीएम ने किया कैलाशपति धाम में जलाभिषेक



सावन माह के पावन आगमन की पूर्व संध्या पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रायगढ़ प्रवास के दौरान ग्राम पंडरीपानी स्थित प्रसिद्ध कैलाशपति धाम मनकामेश्वर शिव मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की विधि.विधान से पूजा.अर्चना की। मुख्यमंत्री ने भगवान मनकामेश्वर महादेव के दर्शन कर शिवलिंग पर जल अर्पित किया और जलाभिषेक करते हुए प्रदेशवासियों की सुख.समृद्धि, शांति एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी उपस्थित थे।मुख्यमंत्री श्री साय ने भगवान शिव से छत्तीसगढ़ की निरंतर प्रगति और विकास के साथ प्रदेश के सभी नागरिकों के स्वस्थए सुखी एवं समृद्ध जीवन की कामना की।

### सीएम ने श्रद्धालुओं संग पंगत में बैठकर ग्रहण किया भंडारा



सीएम ने बनोरा स्थित अघोर गुरु पीठ ब्रह्मनिष्ठालय पहुंचकर गुरु के दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त किए। इस दौरान उन्होंने अपनी सादगी और भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति आस्था का परिचय देते हुए गुरु दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं के साथ पंगत में बैठकर भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री का यह आत्मीय और सहज व्यवहार उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं के साथ समान भाव से बैठकर प्रसाद ग्रहण कर सामाजिक समरसता सेवा और भारतीय आध्यात्मिक परंपरा के मूल्यों को सशक्त संदेश दिया।

## सत्यनारायण बाबा धाम में की पूजा-अर्चना



गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज रायगढ़ के ग्राम कोसमनारा स्थित प्रसिद्ध सत्यनारायण बाबा धाम पहुंचे। यहां उन्होंने भगवान भोलेनाथ की विधिवत पूजा.अर्चना कर प्रदेशवासियों की ख.समृद्धि, खुशहाली और मंगलमय जीवन की कामना की। मौके पर वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुरु पूर्णिमा श्रद्धा, आस्था और मार्गदर्शन के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का पावन अवसर है। गुरुजनों का आशीर्वाद जीवन को सही दिशा देने के साथ आत्मबल और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि कोसमनारा स्थित श्री सत्यनारायण बाबा धाम लोगों की गहरी आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां की आध्यात्मिक ऊर्जा श्रद्धालुओं को आत्मबल और शांति प्रदान करती है। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर इस पवित्र धाम में आकर पूजा.अर्चना करना उनके लिए सौभाग्य का अवसर है।

### बाढ़ के हालातों पर नजर रखे हैं कलेक्टर : सीएम

सीएम विष्णुदेव साय बुधवार को रायगढ़ जिले के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होने गुरु पूर्णिमा पर अघोर गुरु पीठ आश्रम जाकर बाबा प्रियदर्शी राम के दर्शन किए। उन्होंने बाबा प्रियदर्शी राम से आशीर्वाद लियाए वही मंदिर में पूजा अर्चना भी की। इस दौरान उन्होंने प्रदेशवासियों को गुरु पूर्णिमा की बधाई दी। उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि वे हर साल गुरु पूर्णिमा पर बाबा के दर्शन करने आते हैं। इस साल भी आश्रम आना हुआ और पूज्य गुरु जी के दर्शन करने का सौभाग्य मिला। उनसे आशीर्वाद लिया है। उन्होंने प्रदेश में बारिश की वजह से बाढ़ के हालातों को लेकर कहां कि कई जिलों में बारिश की वजह से बाढ़ की स्थिति बन रही है सभी जिले के कलेक्टरों को हालात पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। हर तरह की स्थिति के लिए उन्हें तैयार रहने को कहा है जरूरतमंदों को हर सुविधा पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि वे आज शाम को दिल्ली जा रहे हैं। बस्तर के मांझी चालकी हैं। बस्तर में 75 दोनों का दुनिया का सबसे बड़ा दशहरा चलता है जिसमें मांझी चालकी लोगों का विशेष सहयोग रहता है। नक्सल उन्मूलन में भी इनका बड़ा सहयोग रहा है।

## चलती ट्रेन में महिला से छेड़छाड़ जीआरपी ने किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शालिमार-कुर्ला एक्सप्रेस में सफर कर रही एक महिला यात्री से छेड़छाड़ के मामले में जीआरपी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार 27 जुलाई को ट्रेन संख्या 18030 शालिमार-कुर्ला एक्सप्रेस के जनरल कोच में एक महिला अकेले यात्रा कर रही थी। इसी दौरान झारखंड के रामगढ़ जिले के मांडूडीह निवासी 34 वर्षीय अक्षय विशाल पर महिला से छेड़छाड़ करने का आरोप लगा। महिला की शिकायत मिलते ही जीआरपी रायगढ़ ने तत्काल मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 75 एवं 75,2 के तहत अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। रेल पुलिस अधीक्षक रायपुर दिव्यांग पटेल के निर्देशन एवं उप पुलिस अधीक्षक रेल बिलासपुर तोबियस खाखा के मार्गदर्शन में की गई इस कार्रवाई में जीआरपी थाना रायगढ़ के थाना प्रभारी निरीक्षक आरके बोर्झा सहित प्रधान आरक्षक इन्द्रजीत सिंह बघेल, आरक्षक अवधेश मिश्रा, सरोज कुमार साव, रोहित कुमार साहू एवं रमावती की भूमिका रही।

## थाईलैंड में भारत का परचम लहराएंगी रायगढ़ की आनिया

**रायगढ़।** जिले की ताइक्वांडो खिलाड़ी आनिया सिंह ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। उनका चयन 9वें हीरोज़ कप इंटरनेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप.



2026 के लिए भारतीय टीम में हुआ है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का आयोजन थाईलैंड के पटाया शहर में होगा, जहां आनिया सब.जूनियर गर्ल्स के 20 किलोग्राम भार वर्ग में भारत की ओर से मुकाबला करेंगी। आनिया ने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। हाल ही में जयपुर में आयोजित डब्ल्यूडब्ल्यूएसएल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर उन्होंने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान पक्का किया। इससे पहले भी वह छत्तीसगढ़ राज्य ताइक्वांडो चैंपियनशिप और मथुरा में आयोजित राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीत चुकी हैं।

## पूंजीपथरा के मां शिवा स्टील एंड एलॉयज में हादसा, मेटल बॉयलिंग में झुलसे पांच मजदूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पूंजीपथरा स्थित मां शिवा स्टील एंड एलॉयज में हादसा हो गया। हाई टेम्प्रचर की वजह से मेटल बॉयलिंग होकर बाहर गिरा जिससे पांच मजदूर झुलस गए। इसमें से दो मजदूरों की हालज नाजुक होने की वजह से भिलाई के सेक्टर 9 स्थित अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं दो का इलाज ओपी जिंदल अस्पताल में चल रहा है। एक मजदूर को मामूली चोट लगी थी। उसे उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है। दूसरी ओर घटना की जानकारी मिली तो घरघोड़ा एसडीएम अपनी टीम के साथ जांच के लिए पहुंचे थे। हालांकि जब तक औधौगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग द्वारा जांच नहीं की जाएगी तब तक हादसे की पूरी सच्चाई सामने नहीं आएगी।

इस हादसे में प्रमोद कुमार सिंह 29, चोखट सिंह 62, शिनीराम राठिया 43 और गुड्डु कुमार 26 शामिल हैं। इसमें दो तो पूंजीपथरा के ही हैं, लेकिन दो बिहार के निवासी है। एक अन्य को मामूली चोट लगने की वजह से अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी। जो जानकारी मिली है उसके अनुसार बुधवार की सुबह करीब 7 बजे अचानक हाई टेम्प्रेचर की वजह से मेटल बॉयलिंग हो गया। जब उबलते हुए गरम मेटल बाहर गिरी तो वहां एक बारगी अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। वहां करीब 50-60 मजदूर काम कर रहे थे। जब मेटल नीचे गिरा तो कुछ लोग नीचे कूद गए और कुछ लोग उपर ही रह गए। गरम मेटल की चपेट में आए पांच मजदूर झुलस गए। इसमें से दो तो बुरी तरह से झुलस गए थे। वहीं दो कुछ कम जले थे। गंभीर रुप से झुलसे चोखट सिंह और प्रमोद को बेहतर इलाज के लिए भिलाई अस्पताल रेफर कर दिया गया है। दो का जिंदल अस्पताल में उपचार चल रहा है। हालांकि दोनों को खतरे से बाहर बताया जा रहा है।





### स्क्रेप गला रहे थे मजदूर

जानकारी के अनुसार नाइट शिफ्ट वाले श्रमिक स्क्रैप गला रहे थे। सुबह 7बजे करीब तकनीकी खराबी की वजह से मशीन का टेम्प्रेचर 116 से 120 डिग्री हो गया। इससे मेटल चाय की तरह उबल कर बाहर आ गया। गरम मेटल वहां गिरा जहां काफी संख्या में मजदूर काम कर रहे थे। बॉयलर के ठीक नीचे काम कर रहे चार मजदूर इसके चपेट में आ गए। एक अन्य मजदूर जो बचने के लिए नीचे कूद गया उसके पैर में मामूली चोट आई थी। सभी को उपचार के लिए जिंदल अस्पताल लेकर गए जहां दो को रेफर कर दिया गया।

### सुरक्षा के कोई इंतजामात नहीं

यह पहला हादसा नहीं है जहां लापरवाही बरती गई हो। यहां के अधिकांश प्लांटों में सुरक्षा मानकों को पूरी तरह से नजर अंदाज कर दिया जाता है। इसके कारण जब कोई हादसा हो जाती है तो जानमाल का ही नुकसान होता है। यहां भी कोई सुरक्षा का इंतजाम नहीं था। इसके कारण मजदूरों की जान पर आ गई। गुरुवार को औधौगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के अधिकारी मौके पर जाकर जांच करेंगे।

### सीसीटीवी एफआरएस तकनीक के कैमरें लगाने का निर्देश

## आईजी ने ली रेलवे सुरक्षा समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया



पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज द्वारा रेलवे सुरक्षा बल शासकीय रेल पुलिस और रेंज के रेलवे लाइन से जुड़े जिलों बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा, जांजगीर.चांपा, गौरेला.पेण्ड्रा, मरवाही एवं सक्ती के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की संयुक्त समीक्षा बैठक ली। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य रेलवे परिक्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाना अपराधों पर अंकुश लगाना और विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित करना था।

सीसीटीवी व फेशियल रिकग्निशन सिस्टम रेलवे स्टेशनों पर सीसीटीवी कैमरे और एफआरएस तकनीक लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सभी जिला पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया गया है कि वे एक माह के भीतर आदतन अपराधियों, नशा तस्करों और लापता बच्चों का डेटाबेस को सौंपें, ताकि अपराधियों को आसानी से ट्रैक किया जा सके। मादक पदार्थों व अवैध कबाड़ पर जाइंट स्ट्राइक ट्रेनों के माध्यम से होने वाली गांजा, हेरोइन और सिंथेटिक ड्रग्स की तस्करी को रोकने के लिए और जिला पुलिस की जॉइंट सरप्राइज चेकिंग टीम बनाई जाएगी। साथ ही, रेलवे का सामान चुराने वाले कबाड़ियों के नेटवर्क को ध्वस्त कर एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। रात्रि गश्त और 100 प्रतिशत चेकिंग रेलवे स्टेशन परिसर में रात के समय असामाजिक तत्वों के जमावड़े पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए गए।

पेंड्रा रोड जैसी घटनाओं को देखते हुए रात में रुकने वाली ट्रेनों की 100 प्रतिशत चेकिंग सुनिश्चित की जाएगी और स्टेशनों पर खड़े लावारिस वाहनों की सघन जांच होगी। महिला छेड़छाड़, चोरी और मानव तस्करी जैसी वारदातों को रोकने व त्वरित कार्रवाई के लिए रेल मदद ऐप और आरपीएफ के सूचना नेटवर्क की सराहना की गई। सक्ती के जेठा स्टेशन अंडरब्रिज की तकनीकी खामियों की जांच के लिए संयुक्त सर्वे टीम बनेगी। पेंड्रा, खरसिया और सक्ती में ट्रैफिक जाम की समस्या सुलझाने के लिए ओवरब्रिज के प्रस्तावों पर चर्चा की गई। बाराद्वार में संडे मार्केट की भीड़ के मद्देनजर रेलवे फाटक पर सुरक्षा बल की तैनाती होगी।

## गैरेज संचालक पर हमला करने वाला फरार आरोपी गया जेल

**रायगढ़।** खरसिया पुलिस ने मारपीट करने वाले फरार आरोपी फैज खान उर्फ फैजान अहमद 25 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। आरोपी के निशानदेही पर मारपीट में प्रयुक्त लोहे का कड़ा भी जब्त किया गया हैए जबकि उसके दो अन्य फरार साथियों की तलाश जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम छोटे मुड़पार निवासी विनोद रायल 32 वर्ष ने पुलिस चौकी खरसिया में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 24 जनवरी की रात करीब 11 बजे वह अपने मित्र रोहन जांगड़े को कार से उसके घर मौहापाली छोड़ने गया था। वापस लौटते समय दो मोटरसाइकिलों पर सवार आरोपी फैज खान, अमनप्रीत, करतार और फरीद वहां पहुंचे। फैज खान ने कार रुकवाकर शराब पीने के लिए पैसों की मांग की। पैसे नहीं होने की बात कहने पर उसने अपने साथियों को बुला लिया और तीनों ने शराब के नशे में गाली.गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और हमला कर दिया। इस दौरान फैज खान ने अपने पास रखे लोहे के कड़े जैसे कठोर औजार से विनोद रायल के सिर पर वार किया, जिससे उसके सिर और आंख के पास गंभीर चोटें आईं और काफी रक्तस्राव हुआ। घटना में प्रार्थी के साथ रोहन जांगड़े और कुंज किशोर पटेल को भी चोटें आईंए जिनका चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। प्रकरण में पुलिस चौकी खरसिया द्वारा धारा 296, 351,2ए 115,2ए 119,1 एवं 3,5 भारतीय न्याय संहिता बीएनएस के अंतर्गत अपराध दर्ज किया गया। 28 जुलाई को आरोपी फैज खान उर्फ फैजान अहमद को दबिश देकर गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

**खबर संक्षेप**

## बगीचा जनपद को मिले नए सीईओ



**जशपुरनगर।** एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना द्वारा प्रशासनिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से जनपद पंचायतों में मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के प्रभार में बदलाव किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, जनपद पंचायत बगीचा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनोद कुमार सिंह 31 जुलाई को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने के बाद सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उनके सेवानिवृत्त होने के कारण जनपद पंचायत दुलदुला के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पुष्कर पटेल को जनपद पंचायत बगीचा के सीईओ का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। प्रशासनिक कार्यों में निरंतरता बनाए रखने के लिए जनपद पंचायत कुनकुरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह को जनपद पंचायत दुलदुला के सीईओ का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। जारी आदेश में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे तत्काल प्रभाव से प्रभार का आदान-प्रदान सुनिश्चित करें। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

## कल तक कराएं बागवानी फसलों का बीमा

**जशपुरनगर।** खरीफ मौसम में उत्पादित होने वाली बागवानी फसलों को बेमौसम मौसम से होने वाले नुकसान से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना संचालित की जा रही है। सहायक संचालक उद्यान करण सोनकर ने बताया कि योजना के तहत किसान अपनी फसलों का बीमा 31 जुलाई तक करा सकते हैं। उन्होंने किसानों से अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय रहते बीमा कराने की अपील की है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत टमाटर, बैंगन, मिर्च, अदरक, केला, पपीता एवं अमरूद सहित कुल सात अधिसूचित बागवानी फसलों को शामिल किया गया है। बेमौसम वर्षा, कम अथवा अधिक वर्षा, तापमान में असामान्य परिवर्तन, तेज हवा, आदता तथा प्रतिकृत मौसम के कारण होने वाले कीट एवं व्याधि प्रकोप जैसी परिस्थितियों से होने वाले नुकसान की भरपाई योजना के माध्यम से की जाएगी। योजना में मुआवजे का निर्धारण मौसम के वैज्ञानिक आंकड़ों के आधार पर किया जाएगा।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आए किसान की गई जान

**सूरजपुर।** खेत में काम करने के दौरान किसान आकाशीय बिजली गिरने से चपेट में आ गया जिससे किसान की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम नमदगीरी निवासी 35 वर्षीय विनय देवांगन मंगलवार को अपने खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक मौसम बदलने तथा तेज गरज-चमक के साथ बारिश शुरू हुई। इस बीज तेज गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली सीधे किसान पर गिरा जिससे किसान गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के बाद आसपास खेतों में मौजूद ग्रामीण व परिजन मौके पर पहुंचे और उसे तत्काल अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे तब तक किसान की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## आकाशीय बिजली गिरने से महिला की मौके पर ही मौत

**सेदम।** तेज आंधी बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। महिला की लाश बस्ती से दूर बने घर बोयरगोड़ा में पड़ा मिला। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बतौली थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत बोदा बैगापारा निवासी चंद्रमुनि पति सुखराम कोरवा (56 वर्ष) सोमवार की दोपहर 1 बजे नए घर बोयरगोड़ा फसल देखने गई थी। इसी दौरान तेज आंधी बारिश गरज चमक के बीच आकाशीय बिजली गिरने से महिला चपेट में आ गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### डिप्टी कलेक्टर का संकल्प के विद्यार्थियों से संवाद

# रिवर्स इंजीनियरिंग, विज़ुअलाइज़ेशन और सही रणनीति से हर लक्ष्य संभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करने के लिए डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा और डिप्टी कलेक्टर प्रियंका रानी गुप्ता संस्थान पहुंचे।

डिप्टी कलेक्टर समीर बडा ने विद्यार्थियों के साथ एक बेहद व्यावहारिक, वैज्ञानिक और प्रेरणादायक सत्र साझा किया। पिछले सत्र में वैश्विक अर्थव्यवस्था, मौद्रिक प्रणाली और एआई जैसी तकनीकों की जानकारी देने के बाद, आज के सत्र में उन्होंने विद्यार्थियों को सफलता की सटीक रणनीतियों, माइंड साइकोलॉजी, न्यूट्रिशन और विषयगत तैयारी के एडवांस तरीकों के विषय में बताया। उन्होंने बताया कि केवल कड़ी मेहनत ही काफी नहीं है, बल्कि सही दिशा में रणनीतिक कौशल सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने सफलता के लिए कुछ रणनीतियां भी बताईं। जिसमें उन्होंने रिसर्च, मार्गदर्शन, विज़ुअलाइज़ेशन और प्रभावी अभ्यास के विषय में बताया। रिसर्च के अंतर्गत संबंधित विषय के व्यक्तियों के कार्यों की प्रकृति, मार्गदर्शन के अंतर्गत उस क्षेत्र में सफल व्यक्तियों की सलाह, पुस्तकें या इंटरव्यू आदि से जानकारी लेना, विज़ुअलाइज़ेशन के अंतर्गत हर परिस्थिति और लक्ष्य की पूर्व-कल्पना करके मानसिक व शारीरिक रूप से खुद को तैयार करना शामिल है। मशहूर स्विमर माइकल फेल्प्स का एक किस्सा बताते हुए उन्होंने इसे समझाया। डिप्टी कलेक्टर ने प्रतियोगी परीक्षाओं और करियर प्लानिंग के लिए रिवर्स इंजीनियरिंग तकनीक सुझाई। उन्होंने बताया कि यदि डॉक्टर बनना है, तो पहले समझें कि डॉक्टर वास्तव में काम क्या करते हैं। प्रवेश परीक्षा और मुख्य परीक्षा के सिलेबस को स्वयं अपने हाथ से लिखें। सफल लोगों द्वारा लिखी गई पुस्तकों और उनकी रणनीतियों का गहराई से अध्ययन करें।



### वैज्ञानिक पहलू

आगे मानव प्रदर्शन क्षमता बढ़ाने के अपने उद्देश्य पर चर्चा करते हुए उन्होंने माइंड ट्रेनिंग, न्यूट्रिशन साइंस और 'ह्यूमन परफॉर्मेंस' पर भी बात की। उन्होंने न्यूट्रिशन के महत्व पर बात करते हुए बताया कि क्यों शतरंज जैसे दिमागी खेल खेलने वाले खिलाड़ी अपने मस्तिष्क को सक्रिय रखने के लिए ओमेगा-3 का सेवन करते हैं। एफ-1 फॉर्मूला रेसर्स के रिएक्शन टाइम बेहतर करने वाली आई-एक्सरसाइज तथा सुमो पहलवानों के शरीर में विसरल फैट और सबक्यूटेनियस फैट के विषय में भी जानकारी दी।

### विकसित होती है मेमोरी

मेमोरी ट्रेनिंग के अंतर्गत उन्होंने अनट्रेंड मेमोरी और ट्रेंड मेमोरी के बीच अंतर स्पष्ट करते हुए नियमित अभ्यास से याददाश्त बढ़ाने के विषय पर भी विस्तार से चर्चा की। खाली ग्लास को जीवन से जोड़ते हुए उन्होंने कहा कि यदि ग्लास में पहले बेकार एवं अनुत्पादक चीजें भर देंगे तो उसमें अच्छी चीजें नहीं आ पाएंगी। इसलिए जीवन रूपी ग्लास में सबसे पहले उच्च गुणवत्ता वाले विचार, संस्कार और अपना लक्ष्य भरें। उन्होंने कहा कि आप सभी विद्यार्थियों को भले ही अभी विषय की बहुत विस्तृत जानकारी नहीं है, लेकिन आपमें सफलता पाने की अदम्य भूख है। यदि आप खुद पर विश्वास रखें और सही रणनीति बनाएं, तो दुनिया में कोई भी चीज असंभव नहीं है।

## खाद्य विभाग की टीम ने लोदाम की बर्तन दुकान में दी दबिश

**जशपुरनगर।** सीएम हेल्पलाइन में शिकायत के आधार पर खाद्य विभाग की टीम ने लोदाम स्थित एक बर्तन दुकान में दबिश देकर 13 नग गैस सिलेण्डर जब्त किया है।

खाद्य विभाग को ऑनलाईन शिकायत प्राप्त हुई कि ग्राम लोदाम के मुख्य मार्ग पर स्थित बर्तन की दुकान में बीरू (मुकेश साहू) दुकान द्वारा बिना वैध लाइसेंस के घरेलू एलपीजी गैस सिलेण्डरों की अवैध बिक्री पिछले 1.5 वर्षों से प्रत्येक सप्ताह 4-5 घरेलू एलपीजी सिलेंडर लाकर विक्रय किया जा रहा है। मुख्य सड़क एवं सार्वजनिक स्थान पर अनाधिकृत गैस विक्रय किए जाने से गंभीर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है जिससे आम नागरिकों की असुरक्षा होने संबंधित शिकायत के संबंध में जांच कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के निर्देश है। उक्त शिकायत के संबंध में सहायक खाद्य अधिकारी जिला जशपुर एवं खाद्य निरीक्षक, जशपुर द्वारा संयुक्त रूप से जांच किया गया। जांच के समय मुकेश कुमार साहू एवं उनकी पत्नी रूपा साहू निवासी लोदाम उपस्थित रहे, उनके द्वारा बर्तन दुकान का संचालन किया जाता है, जांच के समय संबंधित द्वारा घर दुकान में घरेलु उपयोग के अतिरिक्त इण्डेन कम्पनी का शीलबंद 9 नग भरा हुआ व 1 नग खाली सिलेण्डर एवं बीपीसीएल कम्पनी 3 नग खाली सिलेंडर कुल 13 नग गैस सिलेंडर अवैध रूप से भण्डारण पाया गया। उनके द्वारा 3 गैस कार्ड दिखाया गया जिसमें उनकी माता के नाम 01 उज्जवला योजना का कनेक्शन, मुकेश कुमार साहू एवं उनकी पत्नी के नाम से सामान्य गैस कार्ड प्रस्तुत किया गया है। घरेलू उपयोग के अतिरिक्त कुल 13 नग गैस सिलेण्डर के संबंध में जांच के समय किसी प्रकार वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर जप्ती पश्चात सुरक्षार्थ हेतु लोदाम विकासखंड के गैस एजेंसी के सुपुर्द कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।



■ सीएम हेल्पलाइन नंबर में की गई थी शिकायत

## ग्राम विकास समितियों को सशक्त बनाने 54 सदस्यों का लिया प्रशिक्षण

**जशपुरनगर।** ग्राम स्तर पर विकास कार्यों में समुदाय की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने और ग्राम विकास समितियों को अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से सृजन कार्यालय में एचडीएफसी परिवर्तन के सहयोग से 16 एवं 20 जुलाई 2026 को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण में बुतुंगा, राजपुर एवं बेतरा ग्राम के कुल 54 ग्राम विकास समिति सदस्यों ने भाग लिया।

■ नेतृत्व और सामूहिक निर्णय पर दिया गया जोर

प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रतिभागियों को ग्राम विकास समिति की मूल अवधारणा, उद्देश्य, कार्यप्रणाली एवं उसके महत्व से अवगत कराना था। इस दौरान विशेषज्ञों ने समिति की भूमिका, सदस्यों की जिम्मेदारियों, नियमित बैठकों के आयोजन, सामूहिक निर्णय लेने की प्रक्रिया तथा कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण में बताया गया कि एक मजबूत एवं सक्रिय ग्राम विकास समिति गांव की समस्याओं और आवश्यकताओं की पहचान कर उनके समाधान के लिए समुदाय को संगठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। साथ ही समिति विकास कार्यों की प्राथमिकता तय करने, योजनाओं की निगरानी करने तथा समुदाय और संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का प्रभावी माध्यम बन सकती है।

### सामूहिक निर्णय लेने की प्रक्रिया से अवगत कराया

कार्यक्रम के दौरान समूह चर्चा, सहभागितापूर्ण गतिविधियों एवं व्यवहारिक अभ्यास के माध्यम से प्रतिभागियों को नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क, समन्वय, संवाद कौशल तथा सामूहिक निर्णय लेने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों ने अपने-अपने गांवों के अनुभव साझा करते हुए ग्राम विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने ग्राम विकास समितियों को अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाने, नियमित बैठकों में भागीदारी सुनिश्चित करने तथा गांव के समग्र विकास के लिए सामूहिक जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

## शिक्षिका अनिता को गोल्ड कैटेगरी का सम्मान



**जशपुरनगर।** जिले में संचालित जश लर्न कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड कुनकुरी की प्राथमिक शाला गोरिया में पदस्थ सहायक शिक्षिका अनिता एक्का ने उत्कृष्ट कार्य करते हुए गोल्ड कैटेगरी का सम्मान प्राप्त किया है। वे विकासखंड कुनकुरी की ऐसी अग्रणी शिक्षिका हैं, जिन्होंने जश लर्न कार्यक्रम के अंतर्गत यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। अनिता एक्का ने कार्यक्रम के तहत सर्वाधिक ट्यूटरिंग कॉल कर विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को प्रभावी रूप से जोड़ा। उनकी सक्रियता, समर्पण और सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप बच्चों के गणितीय कौशल के विकास में उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिली। कलेक्टर रोहित व्यास ने कहा कि अनिता एक्का की उपलब्धि जिले के अन्य शिक्षकों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

## वेतन कटौती के फैसले के खिलाफ शिक्षक संगठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव/जशपुर

वीएसके ऐप के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति के आधार पर शिक्षकों का वेतन आहरित करने तथा कम उपस्थिति पर वेतन कटौती संबंधी डीपीआई के निर्देश का छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने कड़ा विरोध किया है। एसोसिएशन का कहना है कि जब तक ऐप की तकनीकी खामियां दूर नहीं होतीं और विद्यालयों के उपस्थिति पंजी का भौतिक सत्यापन नहीं किया जाता तब तक किसी भी शिक्षक का वेतन रोकना या काटना पूरी तरह अनुचित है।

एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि प्रदेशभर में वीएसके ऐप में लोकेशन, नेटवर्क और समय पर उपस्थिति दर्ज न होने जैसी गंभीर तकनीकी समस्याएं बनी हुई हैं। कई शिक्षक समय पर स्कूल पहुंचने के बावजूद ऐप में अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं करा पा रहे हैं। ऐसे में केवल ऐप के आधार पर वेतन कटौती का आदेश न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या अब विद्यालयों में शिक्षक उपस्थिति पंजी में ऑफलाइन उपस्थिति का कोई महत्व नहीं रह गया है। जब प्रत्येक शिक्षक प्रतिदिन उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर कर रहा है, तो उसके सत्यापन के बिना केवल ऐप के आधार पर कार्रवाई करना उचित नहीं है। एसोसिएशन ने बताया कि अधिकांश शिक्षकों ने निजी डेटा सुरक्षा संबंधी आशंकाओं के बावजूद अपने निजी मोबाइल में वीएसके ऐप इंस्टॉल किया है। संगठन का स्पष्ट मत है कि यदि ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था लागू करनी ही है तो पूरे प्रदेश में बायोमेट्रिक मशीन के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराने की समान व्यवस्था लागू की जाए। जशपुर जिला इकाई के प्रांतीय पदाधिकारी अनिल रावत, एल.डी. बंजारा, जयेश सौरव टोपनो एवं जिलाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव ने शासन से मांग की है कि वे बायोमेट्रिक उपस्थिति के विरोधी नहीं हैं, लेकिन तकनीकी रूप से त्रुटिपूर्ण ऐप के आधार पर वेतन कटौती का दबाव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## राजस्व कार्यालय बनेंगे स्मार्ट, तीन माह में दिखेगा बदला स्वरूप



**रायगढ़।** जिले में राजस्व सेवाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और नागरिक केंद्रित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। कलेक्टर ने राजस्व विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इसमें राजस्व विभाग से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की विस्तृत समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समय सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

**खास बात**

■ बेहतर सेवा वितरण, आधुनिक सुविधाओं और समयबद्ध निराकरण पर रहेगा विशेष फोकस

बैठक में अपर कलेक्टर रवि राही ने कहा कि जिले के सभी तहसील कार्यालयों को आगामी तीन माह के भीतर स्मार्ट राजस्व कार्यालय के रूप में विकसित किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य आम नागरिकों को अधिक सुगम, पारदर्शी और त्वरित राजस्व सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट कार्यालय केवल भवनों के सौंदर्यीकरण तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि सेवा वितरण प्रणाली को भी अधिक व्यवस्थित और नागरिक हितैषी बनाया जाएगा। स्मार्ट कार्यालयों में रंग रोगन, साफ सफाई, सुव्यवस्थित साइन बोर्ड, एलईडी डिस्प्ले, पेयजल, प्रतीक्षालय, छायादार व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक नागरिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। साथ ही कार्यालय परिसर को व्यवस्थित एवं सुगम बनाते हुए आमजनों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया जाएगा।

### राजस्व प्रकरणों की हुई विस्तृत समीक्षा

बैठक में डिजिटल किसान किताब, स्वामित्व योजना, ऑनलाइन डायवर्जन, नगरीय निकाय क्षेत्र की सेवा भूमि, अवैध प्लॉटिंग पर कार्रवाई, नक्शा बटांकन, डिजिटल हस्ताक्षर, राजस्व अभिलेख अद्यतीकरण, ग्राम पंचायत स्तर पर लंबित नामांतरण, खाता विभाजन तथा ई कोर्ट सहित विभिन्न राजस्व विषयों की बिंदुवार समीक्षा की गई।

## गायत्री शक्तिपीठ में किया गया गुरु पूजन एवं गायत्री महायज्ञ

**जशपुरनगर।** गुरु पूर्णिमा पर गायत्री शक्तिपीठ में गुरु पूजन किया गया एवं गायत्री महायज्ञ का आयोजन रखा गया जिसमें श्रद्धालुओं ने गुरु पूजन किया एवं गायत्री महायज्ञ में गायत्री मंत्र एवं महामृत्युंजय मंत्र से आहुतियां प्रदान की। इसके अलावा जिले के सभी गायत्री प्रज्ञा पीठो में भी गुरुपूजन किया गया। महायज्ञ संचालित करते हुए तुलिका पाठक ने कहा कि हम सभी का सौभाग्य है कि हमें ऐसे गुरु का सानिध्य मिला जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन मानव मात्र के कल्याण सनातन संस्कृति के उत्थान में एवं गायत्री, यज्ञ संस्कार को घर घर पहुंचाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि हमारे गुरु ने हर पल हर क्षण हमें सहारा दिया है। प्रज्ञावतार के रूप में मनुष्य में देवत्व का उदय एवं धरती पर स्वर्ग के अवतरण के उद्देश्य अनुरूप विराट गायत्री परिवार की स्थापना की। गुरु की महिमा सुनकर कई परिजन भाव विभोर हो गए।

## गुरु रविदास के 650वें जयंती वर्ष पर समरसता संकल्प अभियान का आयोजन

**रायगढ़।** संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के 650 वें जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी पूरे देश में समरसता संकल्प अभियान चलाने जा रही है। अभियान की जानकारी देते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष निर्मल सिन्हा ने मंगलवार को रायगढ़ में प्रेस वार्ता ली।

संत रविदास जी के समानता के सिद्धांतो से अवगत कराते हुए निर्मल सिन्हा ने कहा संत रविदास 15 वीं शताब्दी के महान संत, कवि और समाज सुधारक थे। उन्होंने अपनी वाणी से मनुष्य मनुष्य एक समान का संदेश दिया। रविदास जी ने कहा कि बाहर की जातिए कपड़े या पूजा से इंसान बड़ा छोटा नहीं होता। जिसका मन साफ है, वही सच्चा इंसान है।




गंगा नहाने से नहीं, मन शुद्ध करने से मुक्ति मिलती है। रविदास जी ने बेगमपुरा यानी बिना दुख, बिना भेदभाव वाले शहर की कल्पना की। बेगम पूरा शहर का आशय वहां न कोई राजा है न रंक, न कोई ऊंचा है न नीचा। सबको बराबर अधिकार और सम्मान मिलेगा।

## रायगढ़ में 5 अगस्त को होगा सीएसआर सम्मेलन

**रायगढ़।** रायगढ़ सीएसआर सम्मेलन का आयोजन 5 अगस्त को होटल श्रेष्ठा, रायगढ़ में किया जाएगा। सम्मेलन का विषय श्रायगढ़ क्षेत्र के विकास में सीएसआर की भूमिका है। इस महत्वपूर्ण सम्मेलन का आयोजन अडानी समूहए जिंदल पावर, जेएसडब्ल्यू समूह, अडानी फाउंडेशन, स्टेम लर्निंग और विजनस्प्रिंग फाउंडेशन के सहयोग से किया जा रहा है।

सम्मेलन में विशेषज्ञ और विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि विकास के लिए सीएसआर को अधिक प्रभावी बनाने के उपायों पर विचार मंथन करेंगे। शिक्षा, आजीविका और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विषयों पर विशेष चिंतन होगा। इंडिया सीएसआर के सीईओ रुसेन कुमार ने कहा रायगढ़ एक प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र है, जहां सीएसआर के माध्यम से समावेशी और सतत विकास की व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं। सीएसआर रायगढ़ सम्मेलन कंपनियों, गैर सरकारी संगठनों और विकास क्षेत्र के विशेषज्ञों को एक साझा मंच पर लाएगा। हम क्षेत्र की सभी कंपनियों और गैर सरकारी संगठनों को सम्मेलन में शामिल होकर अपने विचार अनुभव और समाधान साझा करने के लिए आमंत्रित करते हैं। पहली बार आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में जिंदल पावर, अडानी समूह, जिंदल स्टील, एसईसीएल, वेदांता और बीएस स्पंज आयरन सहित विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। इस महत्वपूर्ण क्षेत्रीय मंच में शामिल होने के लिए रायगढ़ और आसपास के क्षेत्रों में कार्यरत औद्योगिक प्रतिष्ठानों, निजी कंपनियों, सार्वजनिक उपक्रमों, बैंकों, नाबार्ड, सीएसआर फाउंडेशनों, गैर सरकारी संगठनों, विश्वविद्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, लायंस क्लब, रोटरी क्लब और विकास क्षेत्र के विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया है।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं बंशीधर डेहरे (माता/पिता/पालक का नाम) सुपुत्र चैतन डेहरे गांव/शहर भिखमपुरा तहसील सरिया जिला सारंगढ़ छत्तीसगढ़ राज्य ने अपने सुपुत्र का नाम मैं बंशीधर सतनामी (पुराना नाम) से बदलकर बंशीधर डेहरे (नया नाम) रख लिया है।
अतः आज दिनांक से मुझे मेरे नया नाम बंशीधर डेहरे के नाम से सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में जाना व पहचाना जावे।

**बंशीधर डेहरे**
**भीखमपुरा तहसील सरिया**
**जिला-सारंगढ़ बिलाईगढ़**
**छत्तीसगढ़**

TOP IN RAIGARH
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742




DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग
◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग
◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605



BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989





एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध



# दिवाली से पहले आएगा लव एंड वॉर का फर्स्ट लुक

**नई दिल्ली।** संजय लीला भंसाली की लव एंड वॉर इस वक्त सबसे बड़ी और सबसे ज्यादा इंतजार की जा रही फिल्मों में से एक है। यह फिल्म 21 जनवरी 2027, यानी रिपब्लिक डे वीकेंड पर दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। भंसाली के शानदार स्टोरीटेलिंग स्टाइल और भव्य विजुअल्स से सजी यह फिल्म दर्शकों को बड़े पर्दे पर एक शानदार और इमोशनल अनुभव देने वाली है। फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होगी। इसी बीच फिल्म को लेकर एक बड़ी अपडेट सामने आई है। फिलहाल फर्स्ट लुक पर काम चल रहा है और उम्मीद है कि इसे दिवाली 2026 से पहले रिलीज कर दिया जाएगा।

लाइफ Style

# निहारिका

## इंटीमेट सीन के चक्कर में हाथ से गई फिल्म

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

निहारिका एनएम फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' से बॉलीवुड डेब्यू करने को तैयार हैं। इस बीच उन्होंने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। कंटेंट क्रिएटर के तौर पर अपनी पहचान बनाने वाली निहारिका एनएम ने साल 2023 में अमेरिकी सिटकॉम 'बिग माउथ सीजन 7' में गेस्ट वॉइस रोल के साथ अपने करियर को ग्लोबल लेवल पर पहुंचाया।

एक्टिंग सफर की शुरुआत पिछले साल तमिल फिल्म 'पेरुसु' से हुई थी। इसके बाद उन्होंने मित्रा मंडली और इधयम मुरली में भी काम किया। अब वे बॉलीवुड में डेब्यू करने की तैयारी कर रही हैं। निहारिका एनएम फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' से हिंदी फिल्मों में बोहनी कर रही हैं। वे राघव जुयाल के साथ स्क्रीन साझा करती दिखेंगी। इस बीच अभिनेत्री ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। उनका कहना है कि इंटीमेसी क्लॉज की वजह से उन्हें एक फिल्म से हाथ धोने पड़े थे। वे बोल्ड सीन करने के तैयार नहीं थीं। एक घटना को याद करते हुए वे बताती हैं, 'एक फिल्म मुझे करनी थी। इसे एक बहुत बड़े डायरेक्टर बना रहे थे। उन्होंने मुझे खुद चुना था। मैंने उस रोल के लिए ऑडिशन दिया था और लुक टेस्ट भी हो गया था'। निहारिका ने आगे कहा, 'मेरे घर पर कॉन्ट्रैक्ट भेजा गया था और मैंने उस पर साइन कर दिया। उसमें इंटीमेट सीन से जुड़ी एक शर्त थी और मैंने उन्हें बता दिया था कि मैं ऑन-स्क्रीन इंटीमेसी करने में सहज नहीं हूं। वे इसके लिए तैयार थे और बॉडी डबल का इस्तेमाल करने की योजना बना रहे थे। लेकिन, एक्टर बॉडी डबल के साथ वह सीन करने के लिए तैयार नहीं थे।



## हॉलीवुड मसाला



# स्पाइडर-मैन ... से किसिंग सीन हटे

**मुंबई।** फिल्म 'स्पाइडर-मैन- ब्रांड न्यू डे' 31 जुलाई को रिलीज होने जा रही है। भारत में भी फिल्म रिलीज होगी। सेंसर बोर्ड ने तीन बदलावों के निर्देश के बाद भारत में 'स्पाइडर-मैन- ब्रांड न्यू डे' की रिलीज को मंजूरी दे दी है। इन बदलावों के बावजूद फिल्म की पीटर पार्कर वाली डार्क कहानी और एक्शन सीन वैसे ही रहेंगे। बता दें कि 'स्पाइडर-मैन-ब्रांड न्यू डे' भारतीय सिनेमाघरों में इस गुरुवार को रिलीज होगी। सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने इसे यूए 13+ सर्टिफिकेट के साथ रिलीज करने की मंजूरी दे दी है।



# एवेंजर्स डूम्सडे का ट्रेलर कल होगा रिलीज...

**नई दिल्ली।** एवेंजर्स डूम्सडे फिल्म का बजट 4500 करोड़ रुपए है। इसमें ऐसे 23 सुपरहीरो हैं जो दुनिया के सबसे खतरनाक विलेन से टकराने जा रहे हैं। 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का ट्रेलर विशेष रूप से 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' के साथ दिखाया जाएगा, जो 30 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। ट्रेलर फिल्म के सभी भाषा संस्करणों के साथ दिखाया जाएगा, जिससे दर्शकों और इस भव्य सुपरहीरो फिल्म के प्रशंसकों को एक रोमांचक सिनेमाई अनुभव मिलेगा। मार्वल स्टूडियो की 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का निर्देशन एंथनी रूसो और जो रूसो ने किया है।फिल्म का निर्माण केविन फेग, लुई डी'एस्पोसिटो और जोनाथन श्वार्ट्ज ने किया है।फिल्म में रॉबर्ट डाउनी जूनियर, क्रिस इवांस, क्रिस हेम्सवर्थ, पेड्रो पास्कल, पॉल रुड, एंथनी मैकी, फ्लोरेंस प्यू, वनेसा किर्बी, एबन मॉस-बाकरैक आदि नजर आएंगे।



# मॉम-2 में खुशी निभाएंगी लीड रोल...

**मुंबई।** महान अभिनेत्री श्रीदेवी की फिल्म 'मॉम'2017 में आई थी, जो बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थी। अब करीब 9 साल बाद इसका सीक्वल बनने जा रहा है, जिसको लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। खुशी कपूर अब फिल्म 'मॉम 2' में लीड रोल निभाने जा रही हैं। यह 2017 की हिट फिल्म मॉम का सीक्वल है और इसे नवंबर 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज करने की तैयारी है। इस फिल्म को उनके पिता बोनी कपूर प्रोड्यूस कर रहे हैं, और इसकी शूटिंग नोएडा और ग्रीस में हुई है। 'मॉम 2' का कनेक्शन श्रीदेवी के उस यादगार किरदार से जुड़ा होगा, जिसने उन्हें खास पहचान दिलाई थी। 'मॉम' श्रीदेवी की आखिरी फिल्म थी, ऐसे में यह प्रोजेक्ट खुशी कपूर के लिए काफी इमोशनल और खास माना जा रहा है, क्योंकि वह अपनी मां की विरासत को आगे बढ़ाती नजर आएंगी।



# बंटवारा 1947 का ट्रेलर है दमदार

**मुंबई।** आमिर खान प्रोडक्शंस की फिल्म 'बंटवारा 1947' में सनी देओल लीड रोल में हैं। सोमवार को इस फिल्म का ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज किया है। यह फिल्म 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के ट्रेलर में 1947 के बंटवारे का समय दिखाया गया है। इसमें एक परिवार की कहानी है, जिसकी जिंदगी बंटवारे की हिंसा, डर और जबरन पलायन की वजह से बदल जाती है। जो लोग कभी साथ रहते थे, वो अब बंटवारे के कारण बिछड़ गए हैं। इसी बीच सनी ट्रेलर में एक ऐसे शख्स के किरदार में नजर आते हैं, जो किसी भी हाल में अपने जमीर से समझौता नहीं करता है। वहीं, शबाना आजमी एक बुजुर्ग महिला के रोल में हैं, जो इंसानियत पर सबका भरोसा बनाए रखती हैं। प्रीति जिंटा भी ट्रेलर में नजर आती हैं, वह बंटवारे के मुश्किल दौर का सामना मजबूती से करती नजर आती हैं।

## टीवी मसाला



# एल्विश-तेजस्वी व आरुष संभालेंगे प्लेग्राउंड सीजन-5 का कमान

**नई दिल्ली।** गेमिंग रियलिटी शो 'प्लेग्राउंड सीजन 5' अपने अब तक के सबसे बड़े और खास फॉर्मेट के साथ वापसी के लिए तैयार है, जिसमें तीन मेंटर्स का एक पैनल शामिल होगा। दो बार के चैंपियन एल्विश यादव 'केओ क्रैकेंस' की कमान संभालेंगे, जबकि तेजस्वी प्रकाश 'रेजिंग सेंटॉर्स' की मेंटर के तौर पर डेब्यू करेंगी। उनके साथ आरुष भोला भी होंगे, जो 'पावर फीनिक्स' की जिम्मेदारी संभालेंगे। छह हफ्ते तक चलने वाले इस सीजन 5 में तीन टीमें जबर्दस्त मुकाबला करेंगी, ताकि आखिर में सिर्फ एक 'मास्टरमाइंड' विजेता बन सके। शो 'प्लेग्राउंड सीजन 5' का ट्रेलर सोमवार का जारी हो चुका है। 'प्लेग्राउंड सीजन 5' का प्रीमियर 1 अगस्त को होगा। यह प्राइम वीडियो की तरफ से एमएक्स प्लेयर पर खास तौर से मुफ्त में स्ट्रीम किया जाएगा । ट्रेलर की शुरुआत में सभी मेंटॉर अपनी-अपनी दुनिया में खोए हुए दिखते हैं। तभी अचानक उनके आस-पास की असलियत में गड़बड़ी होने लगती है। एक-एक करके उन्हें एहसास होता है कि उन्हें मेंटॉर के तौर पर लॉक कर दिया गया है। सीधे असल जिंदगी वाले गेमिंग की दुनिया में खींच लिया गया है, जहां उन्हें एक-दूसरे का मुकाबला करना है। इस कॉम्पिटिशन में धीरे-धीरे ढलने का कोई समय नहीं है। मेंटॉर को हालात के हिसाब से खुद को ढालना होगा। अपग्रेड करना होगा और अपना दबदबा बनाना होगा, क्योंकि इस गेम में सब कुछ एक पल में खत्म हो सकता है।

## मैं अपने घर की डोर मैट थी : शिल्पा

**नई दिल्ली।** शिल्पा शिंदे ने 'लॉकअप 2' हालिया एपिसोड में दूसरे प्रतियोगियों के सामने अपने बिगड़ चुके पारिवारिक रिश्तों का जिक्र



किया। एक्ट्रेस ने बताया कि जब उनकी कंधे की सर्जरी हुई तो उन्हें उनके ही घर से निकाल दिया गया था। शिल्पा शिंदे 'लॉकअप 2' में कहती हैं, 'हर्षद चोपड़ा आपको मैंने पहले चेताया था कि लोग आपका इस्तेमाल करते हैं। डोर मैट की तरह इस्तेमाल करते हैं। मैं भी अपने घर की डोर मैट थी। कुछ साल पहले मेरे कंधे की सर्जरी हुई थी। सर्जरी के पांच दिन बाद मुझे मेरे ही घर से निकाल दिया गया था। आपको लगेगा कि क्या मेरे परिवार वाले इतने बुरे हैं। तो देखिए, मेरे लिए ऐसी सिचुएशन बना दी गई थी। उन्हें पता था कि मैं सेल्फ रेस्पेक्ट वाली लड़की हूं। इसलिए मैं अपना घर छोड़ दिया। दरअसल, मेरा भाई अपनी वाइफ के इंफ्लुएंस में आ गया था और मेरी मां भाई की बातों को मानती थीं।' कुछ हफ्ते पहले योगेश रावत शो से बाहर हुए थे। अब सूफी मोतीवाला और धीरज कपूर भी शो से बाहर हो चुके हैं।



# सावन की दस्तक से पहले 'मैं दीवानी महाकाल की' गाना रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अदाकारा अक्षरा सिंह अपनी गायिकी के लिए भी मशहूर हैं। सावन की दस्तक से पहले उन्होंने महादेव को समर्पित भक्ति सॉन्ग रिलीज किया है। भोजपुरी इंडस्ट्री की क्वीन अक्षरा सिंह अब बॉलीवुड में पहचान बना चुकी हैं। उन्हें अक्षय कुमार के साथ 'वेलकम टू द जंगल' के एक गाने में देखा गया था। इसके अलावा उन्हें श्रद्धा कपूर की आगामी फिल्म 'ईठा' में देखा जाएगा। इस बीच अक्षरा अपने नए गाने को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। सावन का महीना शुरू होने वाला है। कोई भी त्योहार हो, भोजपुरी इंडस्ट्री में नए गानों की खूब बहार आती है। खेसारी लाल यादव से लेकर अक्षरा सिंह, पवन सिंह तक कई सितारे सावन के महीने में नए गाने लेकर आते हैं। अक्षरा सिंह ने यह सिलसिला शुरू कर दिया। उनका गाना 'मैं दीवानी महाकाल' की सोमवार को रिलीज हो गया है। अक्षरा सिंह अदाकारी के साथ-साथ सिंगिंग में भी माहिर हैं। अब उन्होंने अपने फैंस को नए गाने का तोहफा दिया है। यह भक्ति सॉन्ग अक्षरा सिंह के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। अक्षरा सिंह गाने में महादेव की भक्ति के रंग में रंगी दिख रही हैं। आर्मी प्रिंट आउटफिट में वे बुलेट पर सवार होकर जा रही हैं। रुद्रास की माला धारण कर वे यह गाना गुनगुना रही हैं। इसके बाद शिवलिंग के आगे बैठकर पूजा करती हैं और फिर कुछ साधु-संतों से मिलकर आशीर्वाद लेती हैं। बता दें कि अक्षरा सिंह महादेव की भक्त हैं। अक्सर वे काशी विश्वनाथ दर्शन करने जाती हैं। इस गाने की रिलीज से पहले अभिनेत्री अपनी मां के साथ उज्जैन महाकाल के दर्शन करने पहुंची थीं। अक्षरा के गाने पर फैंस की सकारात्मक प्रतिक्रिया आ रही है। यूजर्स ने लिखा है, 'हम बहुत दिनों से आपके गाने का इंतजार कर रहे थे'।

# अजीब हिंदी फिल्मों में गिनी जाती है नीचा नगर, बनाया था ऐसा रिकॉर्ड जो आज तक कोई नहीं तोड़ पाया

**नई दिल्ली।** भारतीय सिनेमा की ऑडियंस आज ज्यादा से ज्यादा ऑथेन्टिक और ऑरिजनल फिल्मों की डिमांड कर रही है। हालांकि, बीच में एक लंबे वक्त तक सिर्फ एक ही नपे-तुले ढर्रे पर बनाई गई फिल्मों को ही लोगों ने प्यार दिया है। हालांकि, बात अगर 70-80 के दशक की करें तो उन दिनों बॉलीवुड डायरेक्टर्स ज्यादा से ज्यादा क्रिएटिव होने की कोशिश कर रहे थे। आज हम आपको ऐसी ही एक बहुत यूनिक फिल्म के बारे में बताने जा रहे हैं। आज अगर इस तरह की फिल्म बनाई जाए, तो ज्यादा संभावना इस बात की है, कि यह बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट जाएगी, लेकिन उन दिनों इस फिल्म ने कामयाबी के झंडे गाढ़ दिए थे। बल्कि, सच तो यह है कि अगर आपने गलती से कभी इस फिल्म की क्लिप्स रील्स



में देखी होंगी तो शायद कोई क्रिंज पिक्चर समझकर आगे बढ़ गए होंगे। ज्यादातर लोग अभी भी इसे बहुत अजीब फिल्म समझते हैं, वजह है इसका बहुत अलग होना।

### 1946 में कर दिया ऐसा कमाल

जितनी दिलचस्प इस फिल्म की कहानी है, उससे कहीं ज्यादा दिलचस्प है इसे बनाने वाले डायरेक्टर की कहानी। इस फिल्म के डायरेक्टर चेतन आनंद थे, जिन्हें आज भी ज्यादातर लोग देव आनंद का भाई समझते हैं। हालांकि, उनकी अपनी अलग पहचान थी और कम लोग जानते हैं कि चेतन भारतीय सिनेमा की पहचान माने जाने वाले सत्यजीत रे की प्रेरणा थे। दरअसल, चेतन ने साल 1946 में अपनी फिल्म 'नीचा नगर' के जरिए वो करिश्मा कर दिखाया था, जो आज भी कोई दूसरी हिंदी फिल्म नहीं कर पाई है। चेतन की इस फिल्म ने कान फिल्म फेस्टिवल में ग्रांड प्राइज जीता था।

### फिल्म जिसमें हर कोई कविता में करता है बात

उनकी इसी उपलब्धि के बाद सत्यजीत रे ने उन्हें लेटर लिखा कि आपकी वजह से मुझे फिल्म बनाने की हिम्मत मिली है। इतनी बड़ी कामयाबी के बाद चेतन आनंद ने एक और मील का पत्थर रखने का फैसला किया था। उन्होंने 1970 में तय किया कि वह एक ऐसी फिल्म बनाएंगे, जिसका हर डायलॉग किसी कविता की तरह होगा। इस फिल्म में कोई हल्की-फुल्की स्टार कास्ट नहीं थी। राज कुमार, पृथ्वीराज कपूर और प्राण जैसे कमाल के एक्टर्स को कास्ट करके उन्होंने एक ऐसी फिल्म बना डाली, जिसमें हर कोई कविताओं में बात करता नजर आता है।

## हॉलीवुड स्टार्स के बाद किया था लक्स का ऐड

# 16 साल में हुई शादी, बनीं हिंदी सिनेमा की पहली ग्रेजुएट एक्ट्रेस

*नई दिल्ली। बॉलीवुड ने कई अभिनेत्रियों ने अपने अभिनय और अपनी कलाकारी से अपना बड़ा नाम बनाया है। लेकिन, आज हम जिस एक्ट्रेस की बात कर रहे हैं, वो अपने समय में एक मिसाल थी और उन्होंने आने वाली पीढ़ियों के लिए नए रास्ते बनाए। उन्हें हिंदी फिल्म जगत की पहली ग्रेजुएट एक्ट्रेस कहा जाता है। उन्होंने उस पॉपुलर ब्यूटी सोप का ऐड किया, जो उनसे पहले केवल हॉलीवुड की सुंदरियां ही करती थीं। प्रोफेशनल फ्रंट पर सफलता के बावजूद उनका निजी जीवन काफी संघर्षों से भरा रहा।*



### कौन हैं वो एक्ट्रेस?

हम बात कर रहे हैं बीते जमाने की मशहूर अभिनेत्री लीला चिटनिस की। लीला चिटनिस ने बॉलीवुड में 1930 से 1980 के दशक तक काम किया। उनका जन्म 1909 में हुआ था। ये उन चुनिंदा महिला अभिनेताओं में से थीं जो ग्रेजुएट (आर्ट्स में बैचलर) थीं। वह पहली फीमेल एक्टर थीं, जो ग्रेजुएट थी। उनके पिता इंग्लिश लिटरेचर के प्रोफेसर थे। उन्होंने लीला की शादी 16 साल की उम्र में ही तय कर दी थी।

### शादीशुदा जिंदगी

लीला चिटनिस ने गजानन यशवंत चिटनिस से शादी की, जो एक डॉक्टर थे और उसी ब्रह्म समाज समुदाय से थे, जिससे उनका परिवार जुड़ा था। शादी के बाद उनके चार बेटे हुए। उनकी राजनीतिक सोच भी एक जैसी थी। उन्होंने एक बार मशहूर मार्क्सवादी स्वतंत्रता सेनानी एम.एन. रॉय को अपने घर में पनाह दी थी और ब्रिटिश राज के खिलाफ भारत की आजादी की लड़ाई में अपना योगदान दिया था।

### शराब पीने वाले पति से हो गईं अलग

हालांकि, शादी सफल न हो पाने के कारण आखिरकार वह अपने शराब पीने वाले पति से अलग हो गईं। वापस लौटने पर, उन्हें अकेले ही अपने चार छोटे बेटों की परवरिश करने की मुश्किल चुनौती का सामना करना पड़ा। उस समय ग्रेजुएट होने वाली चुनिंदा महिलाओं में से एक होने के नाते, उन्होंने एक स्कूल में पढ़ाना शुरू किया। हालांकि, प्रोग्रेसिव मराठी ग्रुप 'नाट्यमन्वंतर' के साथ थिएटर की ट्रेनिंग लेने के कारण, उन्हें एक्टिंग में ही अपना असली मकसद मिला।

### फिल्मों में शुरुआती संघर्ष

हिंदी सिनेमा में लीला चिटनिस का सफर आसान नहीं था। 'जेंटलमैन डाकू' (1937) में ब्रेक मिलने से पहले उन्होंने कई फिल्मों में एक्स्ट्रा (सहायक कलाकार) के तौर पर काम किया। इस फिल्म में उन्होंने पुरुष के वेश में एक्शन सीन भी किए थे। 1939 में 'कंगन' की बॉक्स ऑफिस सफलता के साथ ही उन्होंने आखिरकार एक लीड एक्ट्रेस के तौर पर अपनी जगह बनाई। फिल्म में उन्होंने एक हिंदू पुजारी की बेटी का किरदार निभाया, जो अपने पिता की मर्जी के खिलाफ जाकर एक स्थानीय जमींदार के बेटे से प्यार करने लगती है।

### कंगन को मिली जबरदस्त कामयाबी

बॉम्बे टॉकीज, वह मशहूर प्रोडक्शन हाउस जिसने इस फिल्म को सपोर्ट किया था, समाज की स्थापित मान्यताओं को चुनौती देने वाली फिल्में चुनने की वजह से मुश्किल दौर से गुजर रहा था। 'कंगन' फिल्म की जबरदस्त कामयाबी के बाद, लीला ने उस दौर की मशहूर अभिनेत्री देविका रानी की जगह ले ली। लीला चिटनिस ने बॉम्बे टॉकीज के एक और बड़े कलाकार अशोक कुमार के साथ कई यादगार फिल्मों में काम किया, जिनमें एन.आर. आचार्य की बंधन और आजाद (1940) और ज्ञान मुखर्जी की झूला (1941) शामिल है।

## खबर संक्षेप

### केवल 5 दिनों में बना आय प्रमाण पत्र



**रायगढ़।** पुसौर ब्लॉक ग्राम गोर्रा के कक्षा 11वीं के छात्र ईशान श्रीवास का आय प्रमाण पत्र मात्र 5 दिनों में बन गया। समय पर प्रमाण पत्र मिलने से अब वह छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त कर सकेगा। ईशान के पिता हेमसागर श्रीवास ने बताया कि उन्होंने अपने पुत्र के आय प्रमाण पत्र के लिए निकटस्थ सीएससी केंद्र सेवा सेतु के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया था। आवेदन के कुछ ही दिनों बाद उनके मोबाइल के व्हाट्सएप पर संदेश प्राप्त हुआ कि आय प्रमाण पत्र तैयार हो गया है।

### विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर जागरूकता अभियान

**रायगढ़।** विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हेपेटाइटिस की रोकथाम, समय पर जांच, उपचार और टीकाकरण के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही नर्सिंग अंतिम वर्ष की छात्राओं का हेपेटाइटिस बी टीकाकरण भी किया गया। इस वर्ष विश्व हेपेटाइटिस दिवस की थीम हेपेटाइटिस आइए इसे खत्म करें के अनुरूप लोगों को जागरूक करते हुए विशेषज्ञों ने बताया कि समय पर जांच, सुरक्षित व्यवहार और टीकाकरण से हेपेटाइटिस संक्रमण को प्रभावी रूप से रोका जा सकता है।

### सड़क दुर्घटना में मिलेगा 1.5 लाख कैशलेस उपचार

**रायगढ़।** सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को समय पर उपचार उपलब्ध कराकर बहुमूल्य जीवन बचाने के उद्देश्य से भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा संचालित पीएम राहत प्रधानमंत्री राहत नकदरहित कैशलेस उपचार योजना का जिले में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक में इस योजना की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। कलेक्टर ने कहा कि सड़क दुर्घटना के बाद समय पर उपचार ही किसी घायल व्यक्ति का जीवन बचाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। इसलिए प्रत्येक नागरिक को इस योजना की जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने परिवहन, स्वास्थ्य, पुलिस सहित संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से योजना का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि दुर्घटना की स्थिति में कोई भी पात्र व्यक्ति इस महत्वपूर्ण सुविधा से वंचित न रहे।

### फसल बीमा कराने आज आखिरी दिन, 15 तक एंट्री

**रायगढ़।** खरीफ मौसम 2026 में फसलों को प्राकृतिक आपदाओं एवं अन्य जोखिमों से सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए किसान 31 जुलाई तक अपनी फसलों का बीमा करा सकते हैं। योजना के अंतर्गत जिले के किसान धान सिंचित एवं असिंचित, मक्का, उड़द, मूंगफली, मसूर, अरहर तथा रागी जैसी अधिसूचित फसलों का बीमा कराकर संभावित प्राकृतिक एवं उत्पादन संबंधी जोखिमों से आर्थिक सुरक्षा प्राप्त कर सकेंगे। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों को बुवाई एवं रोपण जोखिम, स्थानीयकृत प्राकृतिक आपदाओं, प्रतिकूल मौसम तथा फसल कटाई के बाद निर्धारित अवधि में होने वाले नुकसान से उत्पन्न आर्थिक जोखिमों के विरुद्ध सुरक्षा प्रदान की जाएगी। इसका उद्देश्य किसानों की आय को सुरक्षित रखना तथा कृषि क्षेत्र में जोखिम कम करना है। यह योजना ऋणी एवं अऋणी दोनों श्रेणी के किसानों के लिए उपलब्ध है। अऋणी किसान अपने निकटतम बैंक, वित्तीय संस्था अथवा लोक सेवा केंद्र के माध्यम से बीमा प्रस्ताव पंजीकृत करा सकते हैं, जबकि ऋणी किसानों का बीमा संबंधित बैंक के माध्यम से किया जाएगा।

छात्राओं ने की अच्छी क्वालिटी की साइकिल की मांग

# सरकारी साइकिल पर अब छात्राओं ने उठाया सवाल, लेने से किया इंकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सरस्वती साइकिल योजना को लेकर शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल सरिया में घटिया साइकिल की आपूर्ति होने से छात्राओं में रोष व्याप्त है। छात्राओं ने स्कूल प्रशासन से अच्छी साइकिलों की आपूर्ति की मांग किया है।

मिली जानकारी के अनुसार शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल सरिया में बुधवार को सरस्वती साइकिल योजना के तहत घटिया साइकिलों के वितरण करने से पालकों व छात्राओं में भारी असंतुष्ट और रोष व्याप्त है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण व दूरस्थ इलाकों की छात्राओं को सुरक्षित परिवहन देना है। लेकिन खराब, गुणवत्ताहीन और लापरवाही से योजना के मकसद पर असर पड़ रहा है। बुधवार को नगर के शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में साइकिल का वितरण किया जा रहा था। जिससे पालकों व छात्राओं में सिर्फ रोष व्याप्त है। बताया जाता है कि साइकिलों की




वितरण के लिए स्कूल में रखी गई साइकिल।

पार्ट्स एचैन और हैंडल जैसी धातु जल्दी खराब हो गए हैं। तथा अधिकांश साइकिलों में खराब व जंग लगे साइकिलों के वितरण किया जा रहा था। इस बात की जानकारी एन एस यू आई ब्लॉक अध्यक्ष सरिया निखिल डनसेना को होने पर उन्होंने सरकार के महत्वाकांक्षी योजना को लेकर विद्यालय पहुंचे और साइकिलों को बारीकी से देखा। इस दौरान पालक व छात्राएं भी उपस्थित थे। पालकों व छात्राओं ने जंग लगी घटिया साइकिल को लेने से इनकार किया। एनएसयू आई ब्लॉक अध्यक्ष निखिल डनसेना ने बताया कि शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल सरिया में घटिया साइकिल आपूर्ति करने वाले वेंडर और जिम्मेदार अधिकारियों की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि यहां पिछले साल की साठ साइकिलों को छात्राओं में वितरण करने की योजना था।

#### छात्राओं ने किया इंकार

पालकों व छात्राओं के द्वारा घटिया साइकिलों को लेने से इनकार करने पर इसका भंडाफोड़ हुआ। इस संबंध में संस्था के प्रभारी प्राचार्य चौधरी ने बताया कि पिछले साल से यहां साइकिलों को प्रशासन द्वारा आपूर्ति किया गया है। यह सही है कि अधिकांश साइकिलों में जंग लगे होने के कारण गुणवत्ता में कमी महसूस हो रहा है। उन्होंने बताया कि अब इन साइकिलों को वापस भेजा जाएगा तथा नई साइकिलों की आपूर्ति के लिए मांग पत्र भेजा गया है। वर्तमान में यहां 120 छात्राएं अध्ययनरत हैं और 120 साइकिलों की जरूरत है। नई साइकिल आने के बाद ही अब वितरण किया जाएगा।



## धार्मिक माहौल में मनाया गया गुरु पूर्णिमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरसिया

धर्म नगरी खरसिया में आज गुरु पूर्णिमा महोत्सव बड़े ही भक्ति भाव से धार्मिक माहौल में धूमधाम से मनाया गया। देवी संपद मंडल के गोपाल शर्मा ने बताया कि 29 जुलाई को देवी संपद मंडल खरसिया द्वारा स्थानीय रामानंद मुंशी राम शर्मा राम मंदिर गंज चौक में गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर सभी शिष्य परिवार द्वारा एक धार्मिक आयोजन कर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया।

इस अवसर पर मंदिर प्रांगण को आकर्षक रूप से सजाया गया था ब्रह्मलीन परम पूज्य गुरुदेव महामंडलेश्वर स्वामी शारदानंद सरस्वती के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर विद्वान युवा पंडित बिट्टू महाराज जी के द्वारा गुरुदेव का पूजा अर्चना की गई सभी शिष्य परिवार द्वारा अपने परिजनों के साथ गुरुदेव की पूजा अर्चना कर सभी की उपस्थिति में सामूहिक आरती का आयोजन किया गया आरती के पश्चात महिला मंडल द्वारा भजन का आयोजन किया गया। प्रसाद वितरण किया गया देवी संपत मंडल के गोपाल शर्मा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ओमप्रकाश गोयल अशोक अग्रवाल पत्रकार सन्टी सोनी कैलाश बंसल विनोद शर्मा सहित अनेक भक्तजन उपस्थित थे।

## रामचंडी मंदिर में फिर चोरी, दान पेटी तोड़कर नगदी सहित सोने चांदी के आभूषण ले गए चोर

**सरिया।** असंख्य लोगों के आस्था एवं विश्वास का केंद्र नगर के रामचंडी मंदिर में लगातार चोरी की घटना से पुलिस और प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है। अपराधियों के शातिर तरीके और तकनीकी रूप से सतर्क रहने के कारण डांग स्क्वाड या पुलिस को सफलता नहीं मिल रही है। 9 साल पहले मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा किया गया था और अब तक इस मंदिर में पांच बार चोरी की घटना हो चुकी है। लेकिन एक भी घटना में पुलिस को चोर पकड़ने में सफलता हासिल नहीं हुआ है।



सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत सरिया में पुलिस थाना के सामने रामचंडी मंदिर में मंगलवार रात अज्ञात चोरों ने मंदिर के ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोर मंदिर की दानपेटी तोड़कर उसमें रखे रकम निकाल लेंगे। इसके अलावा माता रामचंडी के श्रृंगार किए गए सोने चांदी के जेवर व एक इनवर्टर मशीन को भी चोरी कर ले गए। बताया जाता है कि मंदिर में एक बार नहीं यह पांचवीं बार चोरी की घटना है। मंदिर समिति ने घटना की रिपोर्ट सरिया थाने में दर्ज की है। रिपोर्ट दर्ज होते ही पुलिस ने डॉग स्क्वाड भी मंगवाया, डांग स्क्वाड एक दो स्थान भी गए। लेकिन वह भी चोरों को पकडने में असफल रहा। मंगलवार रात माता का वार होने पर मंदिर के पुजारी नियमित रूप से पूजा अर्चना किया और रात में मंदिर में ताला लगाकर घर चला गया। सुबह बुधवार को करीब 5 बजे जब वह मंदिर पहुंचा तो मुख्य द्वार और अन्य स्थानों में लगे ताले टूटे हुए। फिर अंदर जाकर देखा तो दान पेटी टूटा हुआ था तथा माता रामचंडी की प्रतिमा में पहनाए गए सोने चांदी के जेवर को भी चोर ले गए। मंदिर समिति ने बताया कि चोरी की यह पांचवीं घटना है। लेकिन एक भी घटना में चोर को पुलिस गिरफ्त नही है। मंदिर समिति के अध्यक्ष दशरथ प्रधानए पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल प्रधान ने बताया कि पुलिस थाना के सामने रामचंडी मंदिर में चोरी की वारदात से हम सब परेशान हैं तथा पुलिस से निष्पक्ष जांच कर चोरी का खुलासा करने एआरोपियों को गिरफ्तार करने तथा चोरी गए सम्मान बरामद करने की मांग की है। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरा फुटेज तथा अन्य साक्ष्य के आधार पर चोरों की तलाश में जुटी है। इस संबंध में थाना प्रभारी एल एन राठिया ने बताया कि रामचंडी मंदिर में चोरी की घटना पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। तथा संबंध में जांच जारी है। शीघ्र ही चोर पुलिस गिरफ्त में होंगे।

## यातायात, सड़क दुर्घटनाओं में कमी, वाहनों की पार्किंग को लेकर चिंतन

# अवैध अप्रवासियों की होगी पहचान अधिकारी करेंगे मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में कानून व्यवस्था को कलेक्टर, एसएसपी ने बैठक ली। इसमें कानून व्यवस्था से जुड़े 16 महत्वपूर्ण एजेंडों पर बिंदुवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में जिले के भीतर अवैध रूप से निवास कर रहे अथवा निवास की योजना बना रहे अवैध अप्रवासियों की पहचान एवं उनकी सतत मॉनिटरिंग को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, पुलिस अधिकारी तथा संबंधित विभाग संयुक्त रूप से सत्यापन अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान करें तथा प्रत्येक सूचना पर गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करें। एसएसपी ने बताया कि अवैध रूप से रह रहे लोगों एवं परिवार की पहचान एवं राज्य की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए पुलिस विभाग ने टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर जारी की है, जो सप्ताह के सातों दिन चौबीसों घंटे संचालित रहेगी। लोग अपने आसपास रहने वाले संदिग्ध व्यक्तियों, संदिग्ध गतिविधियों की सूचना दे सकते हैं। शहर की यातायात व्यवस्था को अधिक सुगम एवं व्यवस्थित बनाने पर विशेष चर्चा हुई। निगम आयुक्त ने उद्योगों द्वारा कर्मचारियों के आवागमन के लिए संचालित बसों के शहर के भीतर प्रवेश से बढ़ रहे यातायात दबाव का विषय रखा। कलेक्टर ने सहमति देते हुए निगम, राजस्व विभाग, पुलिस एवं परिवहन विभाग को शहर के बाहरी हिस्सों में उपयुक्त बस स्टॉप विकसित करने के लिए स्थल चयन के निर्देश दिए।



#### एनएच पर खड़े अवैध वाहनों पर होगी कार्रवाई

कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्गों एवं प्रमुख सड़कों पर अवैध रूप से खड़े भारी वाहनों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए। उन्होंने दुर्घटना संभावित स्थलों ब्लैक स्पॉट पर आवश्यक सुधार कार्यों में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। बैठक में सड़क सुरक्षा, जिला सड़क सुरक्षा कार्यबल, नशा नियंत्रण अभियान, औद्योगिक सुरक्षा, अवैध उत्खनन, समेत अन्य लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई।

#### भारी वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था

कुछ दिन पूर्व जिला प्रशासन, ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन, उद्योग एवं खनन कंपनियों के साथ हुई बैठक में उठाई गई मांगों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि घरघोड़ा बाईपास मार्ग, बंजारी मंदिर क्षेत्र, पूंजीपथरा मार्ग, तमनार, खरसिया के रानीसागर चौक तथा गिरवानी मार्ग सहित चिन्हित स्थलों पर भारी वाहनों के लिए सुव्यवस्थित पार्किंग स्थल का चयन 30 सितंबर तक पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि इससे शहर के भीतर यातायात का दबाव कम होगा तथा राष्ट्रीय राजमार्गों पर दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

## मांगें पूरी नहीं होने पर पांच दिन नगर बंद करेंगे व्यापारी

**बिलाईगढ़।** नगर में विभिन्न जनसमस्याओं और नगर पंचायत की कार्यप्रणाली को लेकर व्यापारियों एवं नगरवासियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से कई ठोस निर्णय लिए गए। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर तत्काल कार्रवाई नहीं की गई तो कल से लगातार पांच दिनों तक नगर बंद रखा जाएगा।

बैठक में उपस्थित व्यापारियों ने नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीएमओ सुशील कुमार चौधरी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। उनका आरोप है कि नगर की मूलभूत समस्याओं के समाधान में लापरवाही बरती जा रही है, जिससे आमजन और व्यापारी वर्ग दोनों परेशान हैं। बैठक में मौजूद लोगों ने सीएमओ की कार्यशैली के प्रति गहरा जनआक्रोश व्यक्त करते हुए प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। व्यापारियों ने कहा कि कई बार ज्ञापन और शिकायतें देने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। इससे लोगों में असंतोष लगातार बढ़ता जा रहा है। बैठक में मौजूद नगरवासियों ने भी व्यापारियों के आंदोलन का समर्थन करते हुए कहा कि अब आर पार की लड़ाई का समय आ गया है और जब तक मांगें पूरी नहीं होंगी, आंदोलन जारी रहेगा। बैठक में यह भी आरोप लगाया गया कि पूरे मामले में उच्च अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। समय रहते उचित कार्रवाई नहीं होने से लोगों का प्रशासन पर विश्वास कमजोर हो रहा है। उपस्थित लोगों ने उच्च अधिकारियों से तत्काल हस्तक्षेप कर समस्याओं का समाधान कराने की मांग की। बैठक के अंत में निर्णय लिया गया कि यदि प्रशासन ने कल तक कोई ठोस पहल नहीं की तो नगर में पांच दिनों का बंद पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से किया जाएगा।

## अधिवक्ता संघ घरघोड़ा ने किया हाई कोर्ट के न्यायाधिपति सचिन सिंह राजपूत का स्वागत

**घरघोड़ा।** अधिवक्ता संघ घरघोड़ा के परिसर में उस समय एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण अध्याय जुड़ गयाए जब छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति व रायगढ़ जिला पोर्टफोलियो न्यायाधिपति सचिन सिंह राजपूत का प्रथम आगमन हुआ। उनके साथ रजिस्ट्रार विजलेंस अब्दुल जाहिर कुरैशी एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायगढ़ जितेंद्र जैन भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत में अधिवक्ता संघ घरघोड़ा के पदाधिकारियों और वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने मुख्य अतिथि न्यायाधिपति सचिन सिंह राजपूत का अध्यक्ष कैलाश गुप्ता पुष्पगुच्छ से एवं रजिस्ट्रार विजलेंस अब्दुल जाहिर कुरैशी का अधिवक्ता सुनील ठाकुर ने पुष्प गुच्छ और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेंद्र जैन का स्वागत जी डी लहरें ने पुष्पगुच्छ से आत्मीय स्वागत किया। विधिक जगत की इन महान विभूतियों के स्वागत को लेकर स्थानीय अधिवक्ताओं में अभूतपूर्व उत्साह और हर्ष का माहौल देखा गया।



#### बार और बेंच का सामंजस्य ही न्याय की रीढ़

अपने सारगर्भित और प्रेरणादायक उद्बोधन में न्यायाधिपति सचिन सिंह राजपूत ने न्याय प्रणाली में अधिवक्ताओं की भूमिका को सर्वोपरि बताया। उन्होंने अपने भाषण में जोर देते हुए कहाए न्याय दान की प्रक्रिया को सुलभ और त्वरित बनाने के लिए बार अधिवक्ता और बेंच न्यायाधीश का आपसी सामंजस्य अनिवार्य है। जब दोनों पक्ष मिलकर एक सकारात्मक वातावरण में कार्य करते हैं, तभी अंतिम छोर पर खड़े पीड़ित पक्षकार को वास्तविक और समय पर न्याय प्राप्त होता है। अधिवक्ता संघ ने आगंतुक अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किए।

## वित्त मंत्री आज करेंगे बीईओ कार्यालय का भूमि पूजन

**पुसौर/रायगढ़।** आज पुसौर में जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम रखा गया है। इस दौरान वित्त मंत्री ओपी चौधरी बीईओ कार्यालय का भूमि पूजन करेंगे। इसी तैयारी पूरी हो गई है। सालों से पुसौर में नए बीईओ कार्यालय की मांग की जा रही थी। अब वह पूरा ह होने वाली है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वित्त मंत्री ओपी चौधरी होंगे। वे अपने कर. कमलों से विकास खंड शिक्षा कार्यालय का भूमि पूजन करेंगे एवं नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ करते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन करेंगे। वर्षों से पुसौर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, शिक्षक और ग्रामीण विकास खंड शिक्षा कार्यालय के अपने सर्वसुविधायुक्त भवन की मांग कर रहे थे। आज यह सपना साकार होने जा रहा है। नया कार्यालय भवन बनने से न केवल प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और तेजी आएगी, बल्कि क्षेत्र के स्कूलों की मॉनिटरिंग और शैक्षणिक गुणवत्ता में अभूतपूर्व सुधार होगा।

जन्मजात, दुर्घटना या अन्य कारणों से कटे या टेढ़े-मेढ़े कानों की रिशेपिंग



कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

## बायो टेक्नालाजी के विद्यार्थियों ने जाना मशरूम उगाने की विधि

**रायगढ़।** ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी रायगढ़ के बायो टेक्नालाजी के विद्यार्थियों ने जिंदल फाउंडेशन तमनार द्वारा संचालित जन जीविका केंद्र का भ्रमण किया। इस दौरान छात्र छात्राओं को केंद्र में संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि किस तरह एक प्रोडक्ट गांव के किसानों से निकल कर मार्केट तक पहुंच रहा है और किसानों के लिए कैसे लाभदायक साबित हो रहा है। विद्यार्थियों ने न केवल मशरूम उगाने के बारे में जाना बल्कि स्पान बनाने की पूरी प्रक्रिया को भी उन्होंने समझा। यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए लाभदायक रहा।



जिंदल पावर तमनार द्वारा क्षेत्र के किसानों को कम लागत में अच्छी आय दिलाने और उनके प्रोडक्ट को मार्केट तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी के तहत जिंदल फाउंडेशन द्वारा संचालित जन जीविका केंद्र तमनार में मिलेट आइटम से बेकरी प्रोडक्ट, केक बनाने, पापड़ यूनिट और टेराकोटा के अलावा मषरूम युनिट संचालित किया जा रहा है। इस केंद्र का भ्रमण करने के लिए बुधवार को ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी रायगढ़ के बीएससी आनर बायो टेक्नालाजी के छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में पहुंचे थे। विद्यार्थियों ने एक. एक यूनिट का भ्रमण कर प्रोडक्शन की गतिविधियों को समझा। विद्यार्थियों को मषरूम प्रोडक्शन के बारे में जानकारी संतोष शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि केंद्र में आयष्टर और पेडिस्ट्रा मशरूम का उत्पादन किया जाता है। उन्होंने मशरूम उगाने की विधि बताई यह भी बताया कि मशरूम के लिए कौन सा मौसम अनुकूल होता है और कितना तापमान जरूरी होता है। इसके अलावा स्पान बनाने की भी विधि को बताया गया। विद्यार्थियों को बताया गया कि क्षेत्र के किसानों को मशरूम उगाने के लिए जिंदल फाउंडेशन द्वारा सहयोग किया जाता है, साथ ही किसानों के मशरूम को भी खरीदकर उसका बाई प्रोडक्ट भी बनाया जाता है। इसके पाउडर का उपयोग पापड़ आदि बनाने में किया जाता है।

## स्मार्ट मीटर बना उपभोक्ताओं का भरोसेमंद साथी



**रायगढ़।** स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं को बिजली की सटीक रीडिंग के साथ रियल टाइम में खपत की जानकारी मिल रही है। रायगढ़ निवासी मोहन सोनी का कहना है कि वे स्वयं भी अपनी बिजली खपत पर आसानी से नजर रख पा रहे हैं। मोहन सोनी ने बताया कि उनके घर में स्मार्ट मीटर स्थापित होने के बाद बिजली की रीडिंग पूरी तरह सटीक मिल रही है। जितनी बिजली की खपत होती है, उसका रिकॉर्ड स्वतः दर्ज हो जाता है, जिससे बिलिंग प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनी है।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं.1 एजेंसी देना है
आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि की खरसिया में एजेंसी देना है।
इच्छुक व्यक्ति रक्षाधन (डिपॉजिट राशि) के साथ संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय
एसईसीएल महाप्रबंधक कार्यालय के पास, केलो विहार रायगढ़
मो. 7000789166, 9301844932

online Booking:-www.tripuryatra.com



Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026, 06 जनवरी 2027 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411